सं.ए-12025/01/08-स्थापना-III
भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

निर्माण भवन, नई दिल्ली
दिनांक 01 जुलाई, 2020

**रिक्ति परिपत्र**

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग में सहायक महानिदेशक (नर्सिंग) पद की संभावित रिक्त को वेतन मैट्रिक्स के वेतन स्तर-12 (78800-209200 रु.) (वेतन बैन्ड- 3 (15600-39100/-रु. ) ग्रेड वेतन-7600/-रु., संशोधन-पूर्व वेतनमान में) केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र/स्वायत्त संगठनों के ऐसे अधिकारियों द्वारा प्रतिनियुक्ति आधार पर (अल्पावधि संविदा सहित)/ पदोन्नति आधार पर भरने का प्रस्ताव है, जिसने:-

(क) (i) मूल संवर्ग/विभाग में नियमित आधार पर सदृश पदधारी हो; अथवा (ii) मूल संवर्ग/विभाग में 10000-15200 रु. या समान वेतनमान में नियमित आधार पर 5 वर्ष की सेवा की हो; अथवा (iii) मूल संवर्ग/विभाग में 8000-13500 रु. या समान वेतनमान में नियुक्ति के बाद नियमित आधार पर 10 वर्ष की सेवा की हो; और

(ख) निम्नलिखित शैक्षिक योग्यताएं और अनुभव रखता हो:-
(i) मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से नर्सिंग में स्नातकोत्तर डिग्री या समकक्ष।
(ii) किसी राज्य नर्सिंग परिषद में पंजीकृत नर्स या पंजीकृत मिडवाईफ हो।
(iii) सामुदायिक स्वास्थ्य सेवा सहित नर्सिंग/शिक्षण में 10 वर्ष का अनुभव।

टिप्पणी 1: ग्रेड में 5 वर्ष की नियमित सेवा वाले उप नर्सिंग सलाहकार/उप सहायक महानिदेशक (नर्सिंग) जिसके न होने की स्थिति में उप सहायक महानिदेशक (नर्सिंग)/उप-नर्सिंग सलाहकार और नर्सिंग अधिकारी ग्रेड में मिलाकर 10 वर्ष की सेवा और मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से नर्सिंग में स्नातकोत्तर डिग्री या समकक्ष और किसी राज्य नर्सिंग परिषद में नर्स और मिडवाईफ के रूप में पंजीकृत भी बाहरी उम्मीदवारों के साथ विचारणीय होंगे और यदि नियुक्ति के लिए उनका चयन हो जाता है तो पद पदोन्नति द्वारा भरा गया माना जाएगा।

टिप्पणी 2: फीडर श्रेणी के विभागीय अधिकारी जो पदोन्नति की प्रत्यक्ष कतार में हैं, वे प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार, प्रतिनियुक्ति पर तैनात भी पदोन्नति पर नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे।

टिप्पणी 3: प्रतिनियुक्ति/संविदा, जिसमें इस नियुक्ति से ठीक पहले इसी या फिर केन्द्र सरकार के किसी अन्य संगठन/विभाग में अन्य बाह्य संवर्ग में धारित पद पर प्रतिनियुक्ति संविदा की अवधि भी शामिल है, की अवधि 4 (चार) वर्ष से अधिक नहीं होगी। प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) की अधिकतम आयु-सीमा आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

2. अनुरोध है कि पात्र और इच्छुक अधिकारियों के आवेदन संलग्न प्रपत्र (संलग्नक-I) में उचित माध्यम द्वारा *अवर सचिव (प्रशा.), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, कमरा नं. 330 सी, निर्माण भवन, नई दिल्ली* तथा

ईमेल आईडी –amit.kumar82@nic.in पर भेजें , जो निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ अधोहस्ताक्षरी को रोजगार समाचार में इस परिपत्र के प्रकाशित होने की तारीख़ से 60(साठ) दिन के अन्दर प्राप्त हो जाएं:-

(i)पिछले 5 वर्ष के एसीआर डोजियर/ एसीआर की मूल/सत्यापित फोटोप्रतियां

(ii)सतर्कता निकासी प्रमाण पत्र

(iii) सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र

(iv) नो पेनल्टी सर्टिफिकेट (उप सचिव स्तर के अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित)।

3. उपर्युक्त दस्तावेजों के बिना या निर्धारित तारीख के पश्चात प्राप्त आवेदन अस्वीकार कर दिए जाएंगे।

अमित कुमार

(अमित कुमार)
अवर सचिव, भारत सरकार
टेलीफोन नं.(011)23061323

अनुलग्नक: आवेदन प्रपत्र।

प्रति,

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग और उनके नियंत्रणाधीन स्वायत्त/ सांविधिक/ मान्यता प्राप्त संस्थान (मानक सूची के अनुसार)।
2. राज्य सरकार/ संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन के मुख्य सचिव।
3. सचिव, संघ लोक सेवा आयोग, धौलपुर हाउस, शाहजहां रोड, नई दिल्ली।
4. समन्वय अनुभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय।
5. संयुक्त निदेशक,रोजगार समाचार, प्रकाशन विभाग, कमरा नं. 764, 7वीं मंजिल, सूचना भवन, सीजीओ परिसर, लोधी रोड़, नई दिल्ली-110003। अनुरोध है कि रिक्ति परिपत्र रोजगार समाचार के संस्करण में जल्दी से जल्दी प्रकाशित करते हुए इस मंत्रालय को सूचित करें।
6. निदेशक (प्रशा.), स्वास्थ्य सेवाएं महानिदेशालय।
7. एनआईसी को इस अनुरोध के साथ कि इसे मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड किया जाए।
8. नोटिस बोर्ड/गार्ड फाइल।

## जीवन-वृत्त/जीवन परिचय संबंधी प्रपत्र

| | |
|---|---|
| 1. नाम और पता<br>(स्पष्ट अक्षरों में) | |
| 2. जन्मतिथि (ईस्वी में) | |
| 3. i) सेवा में प्रवेश की तारीख | |
| ii) केन्द्र/राज्य सरकार के नियमानुसार सेवा निवृत्ति की तारीख | |
| 4. शैक्षिक योग्यता | |
| 5. क्या पद के लिए अपेक्षित शैक्षिक तथा अन्य अर्हताएं पूरी हैं (यदि कोई अर्हता नियमों में निर्धारित किए अनुसार समकक्ष मानी गई है तो प्राधिकारी का उल्लेख करें) | |
| **रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन में उल्लिखित अनुसार योग्यता/अनुभव** | अधिकारी की **योग्यता/अनुभव** |
| **अनिवार्य** | **अनिवार्य** |
| क) अर्हता | क) अर्हता |
| ख) अनुभव | ख) अनुभव |
| **वांछनीय** | **वांछनीय** |
| क) अर्हता | क) अर्हता |
| ख) अनुभव | ख) अनुभव |
| 5.1 टिप्पणीः इस कॉलम को परिपत्र जारी और रोजगार समाचार में विज्ञापन देते समय प्रशासनिक मंत्रालय/विभाग/कार्यालय द्वारा भर्ती नियमों में किए गए उल्लेख के अनुसार अनिवार्य एवं वांछनीय योग्यताओं को दर्शाने के लिए बढ़ाया जाए । | |
| 5.2 डिग्री और स्नातकोत्तर अर्हता की स्थिति में अभ्यर्थी द्वारा मुख्य/वैकल्पिक और आनुषंगिक विषयों का उल्लेख किया जाए। | |
| 6. आपके द्वारा दी गई जानकारी के आलोक में स्पष्ट उल्लेख करें कि आप पद के लिए अपेक्षित अनिवार्य अर्हता और कार्य-अनुभव रखते हैं। | |
| 6.1 टिप्पणी: मांगकर्ता विभाग को अपनी विशिष्ट टिप्पणियां/विचार देने होंगे कि अभ्यर्थी आवेदित पद के संदर्भ में संगत अनिवार्य अर्हता/कार्य-अनुभव रखता है। (जैसा कि बायो-डाटा में उल्लिखित है)। | |

7. क्रमानुसार रोजगार का ब्यौराः यदि स्थान अपर्याप्त है तो अलग से शीट जोड़ें जो आपके द्वारा हस्ताक्षरित हो।

| **कार्यालय/संस्थान** | **नियमित आधार पर धारित पद** | **से** | **को** | ***वेतन बैंड और ग्रेड वेतन/नियमित आधार पर** | **कार्य का स्वरूप (विस्तार से) आवेदित पद के लिए अपेक्षित अनुभव को हाइलाइट** |
|---|---|---|---|---|---|

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | **धारित पद का वेतनमान** | **किया जाए** |
| | | | | | |

* महत्वपूर्णः एसीपी/एमएसीपी के अंतर्गत प्रदान किया गया वेतन बैंड और ग्रेड वेतन अधिकारी के लिए वैयक्तिक हैं इसलिए इनका उल्लेख नहीं किया जाना चाहिए। केवल वेतन बैंड ग्रेड वेतन/नियमित आधार पर धारित पद के वेतनमान का उल्लेख किया जाए। एसीपी/एमएसीपी का ब्यौरा जिसमें वर्तमान वेतन बैंड और ग्रेड वेतन जो उम्मीदवार द्वारा आहरित किए जा रहे हैं उन्हें नीचे दर्शाया जाए:

| कार्यालय/संस्थान | एसीपी/एमएसीपी योजना के तहत आहरित वेतन, वेतन बैंड और ग्रेड वेतन | से | तक |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 8. मौजूदा नियोजन का स्वरूप तदर्थ या स्थायी या स्थायीवत या स्थायी | | | |
| 9.यदि मौजूदा नियोजन प्रतिनियुक्ति/संविदा आधार पर है तो कृपया बताएं | | | |
| क) प्रारंभिक नियुक्ति की तारीख | ख) प्रतिनियुक्ति/संविदा आधार पर नियुक्ति की अवधि | ग) मूल कार्यालय/संगठन का नाम जिससे आवेदक संबद्ध है | घ) मूल संगठन में पद का नाम तथा धारित मूल पद का वेतन तथा किस रूप में कार्यरत हैं |
| | | | |

| | |
|---|---|
| **9.1 टिप्पणी**: यदि अधिकारी पहले ही प्रतिनियुक्ति पर है तब ऐसे अधिकारी का आवेदन मूल संवर्ग/विभाग द्वारा संवर्ग क्लीयरेंस, सतर्कता क्लीयरेंस और सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र के साथ अग्रेषित किया जाना चाहिए। | |
| 9.2 टिप्पणी: कॉलम 9 (ग) और (घ) के अंतर्गत दी गई सूचना उन सभी मामलों में दी जानी चाहिए जहां कोई व्यक्ति संवर्ग/संगठन के बाहर प्रतिनियुक्ति पर पद धारण किए हुए है लेकिन उसका लियन मूल संवर्ग/संगठन में रखा जा रहा है। | |
| 10. यदि पूर्व में आवेदक ने प्रतिनियुक्ति पर कोई पद धारण किया हो तो अंतिम प्रतिनियुक्ति की वापसी की तारीख तथा अन्य ब्यौरा दिया जाए। | |
| **11. <u>वर्तमान नियोजन से संबंधित अतिरिक्त ब्यौरा:</u>**<br>कृपया बताएं कि आप किसके अधीन कार्य कर रहे हैं (संगत कॉलम के समक्ष अपने नियोजक का नाम दर्शाएं)<br>क) केंद्र सरकार<br>ख) राज्य सरकार<br>ग) स्वायत्त संगठन<br>घ) सरकारी उपक्रम | |

| | | |
|---|---|---|
| ङ) विश्वविद्यालय<br>च) अन्य | | |
| 12. कृपया बताएं कि क्या आप उसी विभाग में कार्यरत हैं और फीडर ग्रेड अथवा फीडर ग्रेड के फीडर में हैं | | |
| 13. क्या आप संशोधित वेतन मान में हैं? यदि हां तो कब संशोधन हुआ तथा संशोधन पूर्व वेतनमान भी दर्शाएं। | | |
| 14. अब आहरित प्रति माह कुल परिलब्धियां | | |
| वेतन बैंड में मूल वेतन | ग्रेड वेतन | कुल परिलब्धियां |
| | | |
| 15. यदि आवेदक ऐसे संगठन से संबद्ध है जिसमें केंद्र सरकार के वेतनमान नहीं अपनाए जाते हैं तो संगठन द्वारा जारी अंतिम वेतन स्लिप में निम्नलिखित ब्यौरा दिया जाए | | |
| मूल वेतन, वेतनमान और वेतन वृद्धि दर सहित | महंगाई वेतन/अंतिम राहत/अन्य भत्ते इत्यादि (ब्रेकअप ब्यौरे सहित) | कुल परिलब्धियां |
| | | |
| **16. क. अतिरिक्त जानकारी** यदि कोई आवेदित पद के समर्थन में आप की उपयुक्तता से संबंधित संगत जानकारी<br>(अन्य बातों के अलावा (i) अतिरिक्त अकादमिक योग्यता (ii)व्यावसायिक प्रशिक्षण और (iii) रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन में विहित के अलावा कार्य अनुभव यदि कोई हो उसकी सूचना दी जाए)<br>(टिप्पणी: यदि स्थान अपर्याप्त हों तो अलग शीट लगाएं) | | |
| **16. ख उपलब्धियां:**<br>अभ्यर्थी से अनुरोध है कि निम्न के संबंध में सूचना दें<br>(i) अनुसंधान प्रकाशन और रिपोर्ट तथा विशेष प्रोजेक्ट<br>(ii) अवार्ड/छात्रवृत्ति/कार्यालयी प्रशस्ति पत्र<br>(iii) व्यावसायिक निकायों/संस्थानों/सोसायटियों से संबद्धता और;<br>(iv) अपने नाम पर पंजीकृत या संगठन के लिए अर्जित पेटेंट<br>(v) कोई अनुसंधान/नवाचार उपाय जिसमें कार्यालयी मान्यता संलिप्त हो<br>(vi) अन्य कोई सूचना<br>(टिप्पणी: यदि स्थान अपर्याप्त हो तो अलग शीट लगाएं) | | |
| 17. कृपया बताएं कि आप प्रतिनियुक्ति (आईसीटीसी)/आमेलन/पुनर्नियोजन आधार पर आवेदन कर रहे हैं #<br># (केंद्र/राज्य सरकार कें अंतर्गत अधिकारी ही "आमेलन के पात्र हैं। गैर सरकारी संगठनों के अभ्यर्थी केवल अल्पावधि संविदा के ही पात्र हैं<br># ('एसटीसी'/'आमेलन'/पुनर्नियोजन' तभी उपलब्ध है जब रिक्ति परिपत्र में विशेष तौर पर उल्लिखित हो कि भर्ती('एसटीसी'/'आमेलन'/पुनर्नियोजन') के लिए है | | |
| **18** क्या अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से संबद्ध हैं | | |

मैनें रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन को गौर से पढ़ा है और मुझे जानकारी है कि शैक्षिक अर्हता एवं कार्य अनुभव के संबंध में दी गई जानकारी सही है और पद के चयन के समय चयन समिति द्वारा इसका मूल्यांकन भी किया जाएगा। मेरे द्वारा दी गई जानकारी/ब्यौरा मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है और कोई भी तथ्य जो मेरे चयन से संबद्ध है छिपाया/दबाया नहीं गया है।

(अभ्यर्थी के हस्ताक्षर)

पता .........................

..........................................

दिनॉक ....................

**नियोजक /संवर्ग नियंत्रक अधिकारी द्वारा प्रमाणन**

उपर्युक्त आवेदन में आवेदक द्वारा दी गई सूचना/ब्यौरे रिकार्ड में उपलब्ध तथ्यों के अनुसार सही व सत्य हैं। वे रिक्ति परिपत्र में उल्लिखित शैक्षिक अर्हताएं तथा अनुभव रखते/रखती हैं, उनका चयन होने पर उन्हें तत्काल कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

2. यह भी प्रमाणित किया जाता है:

i) श्री/श्रीमती के विरूद्ध कोई सतर्कता या अनुशासन संबंधी मामला लंबित/अपेक्षित नहीं है।

ii) उनकी सत्य निष्ठा प्रमाणित की जाती है।

iii) उनका गोपनीय रिपोर्ट डोजियर मूल रूप से संलग्न है/पिछले 5 वर्ष की गोपनीय रिपोर्ट अवर सचिव, भारत सरकार अथवा उच्च अधिकारी द्वारा अधि प्रमाणित फोटो प्रतियां संलग्न हैं।

iv) पिछले 10 वर्षों के दौरान उनके विरुद्ध कोई बड़ी/लघु शास्ति नहीं लगाई गई है **<u>अथवा</u>** पिछले 10 वर्षों के दौरान उन पर लगाई गई बड़ी/लघु शास्तियों की सूची संलग्न है (जैसी भी स्थिति हो)।

**प्रतिहस्ताक्षरित**

**(नियोजक/संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी की मुहर सहित)**